P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 28 फरवरी 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 106
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

निःशुल्क ध्यान कार्यशाला आयोजित



पेज-2

शक्ति मोहन ने शुरू की वैश्विक सांस्कृतिक यात्रा



पेज-5

महाकाल मंदिर की चल-अचल संपत्ति को लेकर उठा मुद्दा



पेज-6

### अगर मंजूरी मिली तो हर माह बिल में 150 से 600 रुपए तक की वृद्धि

# बिजली कंपनी का झटका उपभोक्ताओं को लगेगा फटका

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल/ग्वालियर/इंदौर** • प्रदेश में बिजली व्यवस्था सुधारने के नाम पर पिछले कुछ वर्षों में स्मार्ट मीटर लगाने, लाइन लॉस कम करने और बिलिंग-वसूली सिस्टम मजबूत करने पर 4700 करोड़ से अधिक खर्च किए गए, लेकिन इसके बावजूद बिजली वितरण कंपनियों की आर्थिक हालत नहीं सुधर सकी।

विस में सरकार ने स्वीकार किया है कि कंपनियों के सामने अब भी हजारों करोड़ रुपए का राजस्व अंतर बना हुआ है। इसी घाटे की भरपाई के लिए कंपनियों ने वर्ष 2026-27 के लिए बिजली दरों में 10.19 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग को भेज दिया है।

यदि आयोग इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है तो उपभोक्ताओं को झटका लग सकता है। कुल मिलाकर सुधार योजनाओं का फायदा जमीन पर पूरी तरह दिखने से पहले ही आम उपभोक्ताओं के बिजली बिल बढ़ने की आशंका खड़ी हो गई है।



### दर बढ़ी तो बिल पर ऐसे बढ़ेगा बोझ

*बिजली कंपनियों के प्रस्तावित 10.19 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि को यदि विद्युत नियामक आयोग मंजूरी देता है तो इसका असर सीधे हर महीने आने वाले बिजली बिल पर दिखाई देगा। अभी प्रदेश में सामान्य घरेलू उपभोक्ता 150 से 300 यूनिट मासिक खपत पर औसतन 1400 से 2800 रुपए तक बिल चुका रहा है।*

*प्रस्तावित बढ़ोतरी लागू होने पर इसी खपत वर्ग के उपभोक्ताओं के बिल में करीब 150 से 300 रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त जुड़ सकते हैं। 400 यूनिट या उससे अधिक बिजली खर्च करने वाले परिवारों का बिल 400 से 600 रुपए तक बढ़ने की संभावना है।*

### हर 100 यूनिट पर 20-30 यूनिट का पैसा वसूल नहीं हो रहा है

- प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियों में बिजली सप्लाई के दौरान बड़ा नुकसान अब भी बना हुआ है। कई वर्षों में औसत एटीएंडसी (लाइन लॉस और वसूली नुकसान) करीब 20 से 30 प्रतिशत के बीच दर्ज किया गया। यानी कंपनियां यदि 100 यूनिट बिजली खरीदती हैं तो करीब 20 से 30 यूनिट की पूरी कीमत वापस नहीं मिल पाती।
- इसमें बिजली चोरी, तकनीकी नुकसान और बिल वसूली की कमी प्रमुख वजह बताई गई है। दस्तावेजों के मुताबिक वर्ष 2026-27 के लिए कंपनियों ने करीब 6044 करोड़ रुपये का राजस्व अंतर (कमाई और खर्च के बीच अंतर) बताया है। यानी कंपनियां जितना खर्च कर रही हैं, उतनी आय नहीं जुटा पा रहीं।

# केजरीवाल की रिहाई : बीजेपी नहीं कांग्रेस का होगा नुकसान!



**नई दिल्ली (एजेंसी)** • दिल्ली की राजनीति में 27 फरवरी की तारीख एक नए सियासी भूचाल के रूप में दर्ज हो गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को न केवल बरी किया, बल्कि उन्हें 'कट्टर ईमानदारी' का कानूनी सर्टिफिकेट भी दे दिया है। फैसले के बाद जब केजरीवाल अपने पुराने साथी सिसोदिया के गले लगकर फफक-फफक कर रो पड़े, तो उन आंसुओं ने बीजेपी के भ्रष्टाचार वाले दांव को तो कमजोर किया ही, लेकिन उससे कहीं ज्यादा बड़ी मुसीबत कांग्रेस के लिए खड़ी कर दी है। राजनीति के जानकार मान रहे हैं कि यह फैसला बीजेपी से ज्यादा कांग्रेस के लिए 'खतरे की घंटी' है।

अगले एक साल में पंजाब में विधानसभा चुनाव होने हैं। पंजाब वह राज्य है जहां कांग्रेस सत्ता में वापसी की पुरजोर कोशिश कर रही है। पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था।

### बीजेपी को कम, कांग्रेस को ज्यादा टेंशन!

कुल मिलाकर, बीजेपी के लिए केजरीवाल का बरी होना एक 'चार्जशीट' की हार है, लेकिन कांग्रेस के लिए यह उनके 'वोट बैंक' की हार साबित हो सकती है। केजरीवाल अब न केवल दिल्ली बल्कि हिमाचल और अन्य राज्यों में भी कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरेंगे। 'आप' ने सोशल मीडिया पर पहले ही एलान कर दिया है कि केजरीवाल के ये आंसू बीजेपी की राजनीति पर भारी पड़ेंगे, लेकिन असल में ये आंसू कांग्रेस की उम्मीदों को भिगोने वाले साबित हो सकते हैं।

# एयरपोर्ट का पुराना टर्मिनल तेजी से हो रहा तैयार, एक्स-रे मशीनें लगीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के पुराने टर्मिनल का नवीनीकरण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। लंबे समय से चल रहे इस प्रोजेक्ट में अब प्रमुख सुविधाएं स्थापित हो चुकी हैं और एयरपोर्ट प्रबंधन इसे जल्द शुरू करने की तैयारी में जुटा है। पुराने टर्मिनल में तीन नई एक्स-रे मशीनें स्थापित की गई हैं। इन मशीनों के जरिए सामान की स्कैनिग के बाद यात्री सीधे चेकिग काउंटर की ओर बढ़ सकेंगे। साथ ही कन्वेयर बेल्ट का काम भी पूरा हो गया है, जिससे बैगेज हैंडलिग पहले से अधिक सुगम हो जाएगी। नवीनीकरण के साथ एयरलाइंस कंपनियों को टर्मिनल में ऑफिस आवंटित करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इससे संकेत मिलते हैं कि संचालन शुरू करने की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं।

### 1 अप्रैल से एटीआर विमानों का संचालन प्रस्तावित




एयरपोर्ट प्रबंधन ने 1 अप्रैल से इस टर्मिनल से संचालन शुरू करने का लक्ष्य तय किया है। यहां से मुख्य रूप से एटीआर विमानों का संचालन किया जाएगा। वर्तमान में इंदौर एयरपोर्ट पर प्रतिदिन करीब 36 एटीआर उड़ानें संचालित हो रही हैं, जिन्हें इस टर्मिनल पर शिफ्ट करने की योजना है। प्रबंधन के अनुसार 15 मार्च के बाद सुरक्षा एजेंसियों की टीम निरीक्षण करेगी। सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद ही संचालन की अंतिम मंजूरी दी जाएगी। पुराने और नए दोनों टर्मिनलों के उपयोग से एयरपोर्ट की वार्षिक यात्री क्षमता बढ़कर लगभग 55 लाख तक पहुंच जाएगी। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और भीड़ का दबाव भी कम होगा। एयरपोर्ट परिसर में एप्रोच रोड का निर्माण भी पूरा हो चुका है। कुल मिलाकर प्रबंधन पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है, ताकि तय समयसीमा में संचालन शुरू किया जा सके।

# नर्मदा पुल के नए कैरिजवे पर जल्द शुरू होगा ट्रायल रन

### बड़वाह-सनावद मार्ग पर यातायात का दबाव होगा कम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • बड़वाह-सनावद मार्ग के हिस्से में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए इंदौर-इच्छापुर फोरलेन हाइवे का काम तेजी से चल रहा है। बड़वाह सेंक्शन में बने नर्मदा पुल के बाएं कैरिजवे भी बना लिया गया है। अब उस पर ट्रायल रन शुरू किया जाएगा। इसके बाद उसे ट्रैफिक के लिए पूरी तरह खोला जाएगा। इस हिस्से में तैयार हो रहे ब्रिज का काम भी अंतिम दौर में है।

यह परियोजना बलवाड़ा से धनगांव तक के सेक्शन में बनाई गई है, जिसमें 1,275 मीटर लंबा और 30 स्पान वाला नर्मदा पुल शामिल है। इस पुल के बाएं हिस्से के नए एलाइनमेंट पर ट्रायल के तौर पर यातायात संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य बड़वाह-सनावद क्षेत्र में मौजूदा मार्ग पर ट्रैफिक के दबाव को कम करना है। वर्तमान में इस मार्ग पर वाहनों का दबाव इतना अधिक रहता है कि कई बार ट्रैफिक जाम लगता है।



ट्रायल अवधि के दौरान धनगांव से उमरिया तक नर्मदा पुल के माध्यम से यातायात को केवल एक दिशा में, यानी बाएं कैरिजवे से गुजारा जाएगा। यह एक नियंत्रित व्यवस्था होगी जिसके माध्यम से यह परखा जाएगा कि यह नया मार्ग यातायात को कितनी प्रभावी ढंग से संभाल सकता है। ट्रायल रन पूरा होने के बाद यातायात की स्थिति का अध्ययन किया जाएगा और उसी के आधार पर व्यवस्थाओं के बारे में निर्णय लिया जाएगा। इंदौर से आने वाले सभी वाहन पहले की तरह ही मौजूदा मार्ग से ओंकारेश्वर की ओर जाएंगे।ट्रायल अवधि के दौरान सभी चालकों से 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की नियंत्रित गति सीमा का पालन करने और सावधानी से वाहन चलाने की अपील की गई है।

### न्यूज ब्रीफ

- रंगभरी एकादशी पर काशी विश्वनाथ मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, होली से पहले रंगों में डूबी आस्था
- अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते संघर्ष से हृ के महासचिव चिंतित, बोले - तुरंत रोकें सैन्य कार्रवाई
- आज हनुमान मंदिर जाएंगे अरविंद केजरीवाल
- राजस्थान सरकार का बड़ा फैसला, तीन शहरों के नाम बदले गए
- एपस्टीन फाइल्स में बिल क्लिंटन से पूछताछ, बोले - मैंने कुछ नहीं देखा, कुछ गलत नहीं किया
- महाराष्ट्र : भिवंडी में छपाई कंपनी में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद
- बोलीविया में बड़ा विमान हादसा, सड़क पर गिरा एयरफोर्स का हरक्यूलिस विमान, कई लोगों की मौत
- अमेरिका ने PAK के अफगानिस्तान पर हमले का किया समर्थन
- 'मैं करूंगा हस्तक्षेप...', पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष पर बोले डोनाल्ड ट्रंप
- पंजाब के बरनाला में कांग्रेस की रैली आज, राहुल गांधी भी होंगे शामिल
- पीएम मोदी आज गुजरात के सानंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के ATMP संयंत्र का करेंगे उद्घाटन

# बीआरटीएस हटते आई बस का सफर हुआ मुश्किल





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • वर्ष 2013 में जब बीआरटीएस की शुरुआत हुई थी तब से लेकर गत वर्ष तक यह शहर की शान की सवारी कहीं जाती थी। इन 12 सालों में इसमें कई परिवर्तन देखे, यात्रियों खासकर महिलाओं और विद्यार्थियों की यह सबसे पसंदीदा सवारी है। आधुनिक बस स्टॉप और आटोमेटिक खुलने वाले गेट, एसी बसें यह शहर की शान बन चुकी थी। लेकिन बीआरटीएस को तोड़ने का फैसला किया गया तो यह शहर की शान समझी जाने वाली सवारी आम बस सेवा की तरह दिखाई दे रही है। बस स्टॉप टूट गए है, सड़कों पर यात्रियों को खड़े रहने पर मजबूर होना पड़ रहा है, न कोई बस स्टैंड है और न ही कोई टिकट देने वाले की व्यवस्था। ऐसे में यात्रियों की संख्या भी घटने लग गई और इस कारण निजी वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

बीआरटीएस के बस स्टॉप टूट रहे है और अब बसें भी मिक्स लेन में चलने लगी हैं। एआईसीटीएसएल की आई बसों में बैठने वाले यात्रियों को सुविधाओं की कमी महसूस हो रही है। अब यात्रियों को इन आई बसों में बैठने के लिए कोई बस स्टॉप नहीं है। पूरे मार्ग पर यात्री सड़कों पर धूप में खड़े रहने पर मजबूर है। बसों की संख्या घटने के कारण यात्रियों को स्टॉप पर इंतजार भी काफी करना पड़ता है। अभी तो गर्मी की शुरुआत हुई है, आगे गर्मी और बढ़ेगी तो यात्रियों की और ज्यादा फजीहत होगी। बस स्टॉप नहीं होने से बरसात में भी यात्रियों को सुरक्षित स्थान नहीं मिल पाएगा।

**निजी वाहन से यात्रा करने पर मजबूर :** आई बसों का समय ठीक से नहीं चल रहा है, आधे घंटे के सफर को 1 से 1.30 घंटा लग रहा है, जिससे यात्रियों का समय काफी बर्बाद हो रहा है. अब यात्री खासकर युवा और विद्यार्थी अपने वाहनों से सफर करने पर मजबूर हो गए है।

**मंसूबे हुए फेल** आबकारी विभाग ने शराब दुकानों को लेकर नए सिरे से की ग्रुपिंग

# ठेकेदारों की मोनोपॉली को सरकार ने तोड़ा!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के साथ ही गुजरात बॉर्डर से लगे धार, झाबुआ और आलीराजपुर जिलों में बड़े शराब ठेकेदारों को झटका लगा है। यहां पर दुकानों की ग्रुपिंग नए सिरे से कर दी गई है। एमपी की नई आबकारी नीति के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में फोकस शराब ठेकेदारों की मोनोपॉली रोकने पर है। इसके तहत एमपी के सबसे बड़े आबकारी रिवेन्यू वाले जिले इंदौर में ग्रुपिंग नए सिरे से हो गई है। इसी के साथ गुजरात बॉर्डर से सटे धार, झाबुआ और आलीराजपुर जिलों में नया काम हुआ है। यह जिले अभी तक सिंगल ठेकेदार के पास जाते थे। अब आबकारी विभाग ने इन जिलों की दुकानों को भी ग्रुपिंग में कर दिया है। यानी अब हर ग्रुप के लिए ई टेंडर/बोली होगी। अब ये जिले कोई भी सिंगल ठेकेदार से नहीं चलेंगे। इससे इन ग्रुपों में मोनोपॉली कम होगी। साथ ही सभी ठेकेदारों को कमाई का बराबर मौका मिल सकेगा। इसके अलावा ये भी देखा गया कि ठेकेदार कहां पर अधिक हावी होते थे, उनसे भी दुकानों को तोड़ा गया है।



### ग्रुपिंग में यह किया

इंदौर की शराब दुकानों को अभी तक 60 से ज्यादा ग्रुप में बांटा जाता था। इसमें अब संख्या कम करके 56 कर दी गई है। हालांकि यहां ग्रुपिंग कम की है लेकिन इसमें एक बड़ा बदलाव हुआ है। सभी ग्रुप को कमाई के हिसाब से बराबरी पर लाया गया है। यदि किसी ग्रुप में अधिक कमाई वाली दुकान थी तो उसे हटाकर इसमें कम आय वाली दुकान को जोड़ा गया है। इस तरह हर ग्रुप को बैलेंस किया गया है।

# हिजाब पहनकर आई बच्चियों को परीक्षा देने से रोका

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के एक स्कूल में हिजाब को लेकर विवाद हो गया है। 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान, एक टीचर ने हिजाब पहनकर आई बच्चियों को स्कूल के अंदर आने से रोक दिया।

मध्य प्रदेश के इंदौर में पहली बार हिजाब को लेकर विवाद हुआ है। यहां सिरपुर के एक निजी स्कूल में महिला टीचर ने दो बच्चियों को हिजाब पहनकर आने के कारण बोर्ड परीक्षा देने से रोक दिया। यह घटना सिरपुर के न्यू मॉर्निंग स्टार स्कूल में हुई।

### अधिकारी पहुंचे मौके पर, लगाई डांट

इस बात की जानकारी क्षेत्र के बीआरसी राजेंद्र तंवर को दी गई। वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने टीचर से पूछा कि आपको यह अधिकार किसने दिया और क्यों हो रहा है। इस पर टीचर ने कहा कि एक पेपर में चीटिंग हो रही थी, इसे रोकने के लिए ही हिजाब हटाने का बोला।

यह घटना 25 फरवरी को आठवीं बोर्ड के पेपर के दौरान हुई है। दो बच्चियां हिजाब पहनकर न्यू मॉर्निंग स्टार स्कूल में परीक्षा के लिए पहुंची थीं। इसी दौरान महिला टीचर ने उन्हें रोक लिया और हिजाब उतारने के लिए कहा। इसी बात पर विवाद हो गया। टीचर ने कहा कि हिजाब नहीं उतारोगी तो 20 अंक कम कर देंगे। ये बात माइनॉरिटी स्कूल एसोसिएशन तक पहुंची। एसोसिएशन के अध्यक्ष इस्हाक खान, रेहान मंसूरी, कासिफ खान, अल्ताफ मौके पर पहुंचे और स्कूल प्रबंधन से इस पर आपत्ति ली।

न्यूज ब्रीफ

## युवाओं को नौकरी देने लिये रोजगार मेला 2 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए इन्दौर जिले में 'युवा संगम' कार्यक्रम रोजगार मेले लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अगला रोजगार मेला जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा 02 मार्च सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास) 10 पोलोग्राउंड इन्दौर में आयोजित किया जाएगा। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में युवाओं को करियर बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जाएगा। साथ ही स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रक्रिया एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## वरिष्ठजनों के लिए हॉलिस्टिक वेल-बीइंग कैंप का हुआ आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. मीना भायल एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया के निर्देशन में आयुष विंग जिला चिकित्सालय एवं शासकीय होम्योपैथी औषधालय सुदामा नगर द्वारा अमरलाल सेवा ट्रस्ट परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष हॉलिस्टिक वेल–बीइंग कैंप का आयोजन किया गया, इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठजनों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ नियमित योग अभ्यास के साथ हुआ, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आयु एवं स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप सरल एवं प्रभावी योगाभ्यास कराए गए,नियमित योग शरीर को सशक्त बनाने के साथ मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा का भी संवर्धन करता है।

## 19 मदिरा समूहों का बैच-1 प्रथम चरण में ई-टेण्डर के माध्यम से होगा निष्पादन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वित्तीय वर्ष 2026–27 की सम्पूर्ण अवधि अर्थात् (दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि) के लिए इंदौर जिले के कुल 56 मदिरा एकल समूहों में सम्मिलित 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 19 मदिरा समूह क्रमशः स्कीम न.–54, एम.आई.जी., गांधीनगर, मूसाखेडी, बाणगंगा, सरवटे बस स्टैण्ड, ट्रांसपोर्ट नगर, स्कीम न.–51, बीजलपुर, गवली पलासिया, अग्रसेन चौराहा, खुडैल, साजन नगर, आगरा, गौतमपुरा, इमली बाजार, मानपुर, चोरल, सगड़ौद में सम्मिलित 58 कंपोजिट मदिरा दुकानों का निष्पादन बैच–1 प्रथम चरण में ई–टेण्डर (ई–टेण्डर एवं ई–टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है।

## जनगणना से जुड़े अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में जनगणना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तीन चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती निशा डामोर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक जनगणना निदेशालय मध्यप्रदेश शासन विनीत यादव, सहायक निदेशक जनगणना सुमित बडोले, नगर निगम के अपर आयुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी नरेन्द्रनाथ पांडे व जिला योजना एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी माधव बेन्डे सहित नगर पालिका निगम के अधिकारी, नगर निगम के समस्त झोनल अधिकारी एवं उनके सहायक जनगणना लिपिक शामिल हुए।

# जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, एमवाय अस्पताल के पीछे 20 हजार वर्गफीट सरकारी जमीन से हटाए अतिक्रमण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आज सुबह जिला प्रशासन ने एमवाय अस्पताल परिसर के पीछे स्थित मस्जिद के आसपास सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम और प्रशासनिक अमले ने नजूल भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया।

**20 हजार वर्गफीट जमीन पर था कब्जा**–रेसीडेंसी क्षेत्र के अंतर्गत अनसर्वेड एरिया की सरकारी जमीन पर बरसों से अतिक्रमण कर निर्माण कर लिया गया था। प्रशासन के अनुसार करीब 20 हजार वर्गफीट जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग



100 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मौके पर सुबह सात बजे से ही जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस का भारी अमला तैनात रहा। मस्जिद और मुसाफिरखाने को छोड़कर आसपास बने अवैध निर्माण को हटाया गया। प्रशासन ने पहले ही नोटिस जारी कर जमीन खाली करने के आदेश दे दिए थे।

**सर्वे में सामने आया था मामला**–कुछ समय पहले रेसीडेंसी एरिया का सर्वे कराया गया था, जिसमें रतलाम कोठी और आसपास के क्षेत्र भी शामिल थे। सर्वे के दौरान एमवाय अस्पताल के पीछे सीआरपी लाइन के ब्लॉक क्रमांक 6 और 11 में अतिक्रमण पाए जाने के बाद कलेक्टर ने बेदखली के आदेश जारी किए थे।

**विरोध के बाद आंशिक मोहलत**–कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी जताया। अधिकारियों ने बचे हुए हिस्से को हटाने के लिए सीमित समय की मोहलत दी है। प्रशासन का कहना है कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें संभाग संगठन प्रभारी दिलीप पटोंदिया और जिला संगठन प्रभारी शैलेन्द्र डागा,अन्नत पंवार भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

जिला मीडिया प्रभारी विनोद चंदानी ओर जेपी नागर ने बताया कि कार्यशाला दो सत्रों में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चली। कार्यक्रम से पहले कार्यकर्ताओं का पंजीयन किया गया। अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पार्टी का ध्वज फहराया। इसके बाद भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों का पूजन कर दीप प्रज्वलन के साथ प्रथम सत्र का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि संभाग संगठन प्रभारी अन्नत पंवार ने पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो समय–समय पर प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करती है। पंवार ने जोर दिया कि कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है, क्योंकि यह उन्हें गढ़ने और अनुशासित बनाने का कार्य करता है। उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों पर भी विस्तार से बात की। जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि इस प्रशिक्षण अभियान को मंडल और बूथ स्तर तक ले जाया जाएगा।

## अतिथि शिक्षकों को चार माह से नहीं मिला वेतन, बीईओ ने दिया आश्वासन




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● म प्र शासकीय शिक्षक संगठन के संरक्षक हरीश बोयत व प्रांतीय महामंत्री अशोक मालवीया ने बताया कि अतिथि शिक्षकों का वेतन चार माह से नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विषय की गंभीरता को समझते हुए संगठन के संरक्षक हरीश बोयत व प्रांतीय महामंत्री अशोक मालवीया ने बीईओ श्री मनोज खोपकर जी से चर्चा की । खोपकर जी ने तुरंत कार्यवाही करते हुए बिल ट्रेज़री में लगवाए व सभी अतिथि शिक्षकों को आश्वासन दिया कि सोमवार तक सबके खाते में वेतन आ जाएगा। संगठन ने खोपकर जी का आभार माना। आज प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से हरीश बोयत, रमेश यादव, अशोक मालवीया, प्रशांत शास्त्री, आनंद हार्डिया, मनोहर परमार, दीपक सेन, सोनू उपाध्याय, गणेश वास्केल, स्वप्निल गुप्ता, दीपक मेघावंशीय ,शिवा निगवाल, राहुल माणिक आदि साथी शामिल रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष सहित 35 वरिष्ठ नेताओं का प्रदेशस्तरीय मार्गदर्शक मंडल का किया गठन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया है की कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र को सहयोग एवं पदाधिकारियों को मार्गदर्शन करने के लिए मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वर्तमान एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं सहित 35 सदस्य स्तरीय मार्गदर्शक मंडल का गठन किया गया।

यादव ने बताया है कि जिसमें प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जी पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह कमलनाथ जी पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव कांतिलाल भुरिया विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता उमंग सिघार पूर्व प्रतिपक्ष नेता गोविंद सिंह अजय सिंह राष्ट्रीय महिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीमती शोभा ओझा राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र जोशी पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा राजकुमार पटेल मुकेश नायक पीसी शर्मा प्रियव्रत सिंह कमलेश्वर पटेल जयवर्धन सिंह हनी बघेल राज्य सभा सदस्य अशोक सिंह पूर्व विधायक अश्विनी जोशी रवी जोशी विधायक आरिफ मकसूद महेश परमार पंकज उपाध्याय फूल सिंह बरईया राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्यनारायण पटेल मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बोरासी सेवा दाल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष यश घनघोरिया प्रदेश एन एस यू आई अध्यक्ष आशुतोष चौकसे प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केके मिश्रा पूर्व संगठन प्रदेश महामंत्री राजीव सिंह मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कमले मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम मध्य प्रदेश सदभावना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सचसलूजा प्रदेश स्वतंत्र संग्राम सेनानी संगठन के सुधीर सेठिया एवं प्रदेश के सभी पूर्व एवं वर्तमान विधायक प्रदेश कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं प्रदेश के सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस जानो का मार्गदर्शक मंडल में गठन कर घोषणा की गई है। इन सभी नेताओं के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के सभी पदाधिकारी काम करेंगे और राजीव विकास केंद्र में नए पुराने लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। इसी तरह प्रदेश के सभी जिलों में एवं शहरों में वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शक मंडल का गठन किया जायेगा।



## आमलकी एकादशी के अवसर पर डॉ. निशा जोशी द्वारा निःशुल्क ध्यान कार्यशाला आयोजित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● डॉ. निशा जोशी के मार्गदर्शन आमलकी एकादशी के अवसर पर 'ध्यान के द्वारा मन:शांति' विषय पर नि:शुल्क योग कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का मुख्य विषय 'ध्यान के द्वारा मन:शांति' रहा, जिसमें ध्यान साधना के माध्यम से मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन एवं आंतरिक स्थिरता प्राप्त करने के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक आयामों को विस्तारपूर्वक समझाया गया। यह आयोजन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से संपन्न हुआ। यूट्यूब लाइव के माध्यम से सैकड़ों योग साधक जुड़े, वहीं ऑफलाइन उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रत्यक्ष रूप से ध्यान अभ्यास का गहन अनुभव प्राप्त किया। सत्र में श्वास जागरूकता, एकाग्रता विकास, आंतरिक प्रकाश ध्यान एवं सकारात्मक संकल्प शक्ति जागरण का अभ्यास करवाया गया। प्रतिभागियों ने सत्र के पश्चात गहन शांति, मानसिक हल्केपन एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव साझा किया।

## मुनि श्री आदित्य सागर जी को इंदौर वर्षायोग हेतु श्रीफल भेट किये



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्रमण संस्कृति के महा श्रमण पट्टाचार्यश्री विशुद्ध सागर जी महाराज के कुलदीपक शिष्य श्रुत संवेगी मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज मुनि श्री अप्रमित सागर जी मुनि श्री सहज सागर जी छुल्लक श्री श्रेयस सागर जी ससंघ को आज बिहार के दौरान सेलाना के समीप मकरोनिया ग्राम में अंजनी नगर दिगंबर जैन समाज इंदौर के अध्यक्ष देवेंद्र सोगानी के नेतृत्व में दिगंबर जैन समाज पश्चिम क्षेत्र इंदौर के मुनि भक्तों ऋषभ पाटनी चिराग गोधा, प्रदीप बिलाला, निलेश मोदी, अक्षय काला नितिन पाटौदी आदि ने इंदौर नगर में चातुर्मास करने की भावना भाते हुए मुनि श्री आदित्य सागरजी ससंघ को श्रीफल भेंट कर वर्ष 2026 का चातुर्मास इंदौर के पश्चिम क्षेत्र में करने का निवेदन किया। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि पूज्य गुरुदेव ने श्रीफल सहर्ष स्वीकार किया एवं गुरु आज्ञा मिलने के उपरांत चातुर्मास इंदौर नगर में करने का संकेत दिया। इस अवसर पर अंजनी नगर ,छत्रपतिनगर,लीडस् सुदामा नगर, राजेंद्रनगर नरीमन सिटी अंबिकापुरीआदि कॉलोनियों के समाजजन भी उपस्थित। थे।

## दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद चुनाव : 30 आपत्तियों का निराकरण



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, इंदौर के अध्यक्ष पद के आगामी चुनाव के तहत आज 27 फरवरी को मुख्य चुनाव कार्यालय में आपत्तियों के निराकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई । राजेश जैन दद्दू ने बताया कि यशवंत प्लाज़ा स्थित एस 118 में आयोजित बैठक में प्राप्त 30 आपत्तियों पर विचार कर उनका निराकरण किया गया ।

पूर्व न्यायधीश और मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि कुल 30 आपत्तियाँ प्राप्त हुई हैं, जिनका आज उचित निराकरण किया गया है ।125 से अधिक मंदिरों से 720 से अधिक मतदाता निर्वाचन में शामिल होंगे । वर्तमान में 130 मंदिरों से जुड़े 720 से अधिक मतदाता सूची में शामिल हैं । मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी शनिवार को कार्यालय में किया जाएगा । इसके साथ ही चुनाव कार्यक्रम के अगले चरण की औपचारिक प्रक्रिया प्रारंभ होगी ।

## होली पर्व के मद्देनज़र 08 खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, कुल 36 नमूने लिए गए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● होली पर्व को देखते हुए इंदौर जिले में विशेष सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है तथा अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में प्रभावी कार्रवाई की गई है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन के जाँच दल द्वारा पेठा डिलाइट महालक्ष्मी नगर मेन रोड का औचक निरीक्षण कर पेठा के 04 नमूने तथा नमकीन सेव एवं नमकीन मिक्सचर के 02 नमूने, कुल 06 नमूने लिए गए। इसी तरह नरसिंह फूड्स स्नेह नगर (सपना–संगीता) से लॉन्ग सेव, मिक्सचर, पापड़ी, चना दाल एवं नमकीन के कुल 04 नमूने लिए गए। शुभारंभ स्वीट्स ग्राम जाकिया तहसील सांवेर से मिल्क केक, मलाई बर्फी एवं खोपरा पाक के कुल 03 नमूने लिए गए।

श्री कृष्णा डेरी एवं मिष्ठान्न भंडार, मूसाखेड़ी, इंदौर का निरीक्षण किया गया, जहां प्रोपराइटर श्री अशोक चौधरी खाद्य कारोबार का संचालन करते हुए पाए गए। परिसर में विभिन्न डेयरी उत्पाद एवं मिठाइयों का विक्रय पाया गया। यहां से मिल्क केक, दूध कतली, पेड़ा, मलाई टिकिया एवं रसगुल्ला के कुल 05 नमूने जांच हेतु लिए गए। माखन भोग, अरविंदो के पास, सांवेर रोड, इंदौर से केसरिया पेड़ा, पेड़ा, गुपचुप मिठाई एवं बेसन टिकिया के कुल 04 नमूने लिए गए। प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निराकरण हेतु भी खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 28 फरवरी 2026

# पानी भरे ड्रम में डाला खतरनाक सिलेंडर, एक घंटे रहा अफरा-तफरी का माहौल

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● रावजी बाजार क्षेत्र में गुरुवार रात जहरीली गैस फैल गई। घटना के बाद करीब एक घंटे तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटनाक्रम का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें नगर निगम और फायर ब्रिगेड की टीम खतरनाक सिलेंडर को सूझबूझ के साथ पानी से भरे ड्रम में डालती नजर आ रही है। काफी देर तक उस पर पानी डाला गया, जिससे गैस का फैलाव नियंत्रित हो गया। बाद में सिलेंडर को रात में ही बायपास के रास्ते करीब 13 किलोमीटर दूर देवगुराड़िया स्थित नगर निगम के प्लांट भेज दिया गया।

इधर, आरोपी कबाड़ी शहजाद को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि यह सिलेंडर कबाड़ में राजा चोपड़ा से खरीदा था। विकास नाम के एक और कबाड़ी का नाम भी सामने आया है। पुलिस इन दोनों से भी पूछताछ करेगी। वहीं, मामले की जांच इंडस्ट्रियल सेफ्टी विभाग भी करेगा।

## इंडस्ट्रियल सेफ्टी विभाग करेगा जांच

देवगुराड़िया भेजे गए सिलेंडर में प्रारंभिक जांच के दौरान अमोनिया गैस होने की आशंका जताई गई है। इसी कारण लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ हुई। डीसीपी ने बताया कि सिलेंडर की विस्तृत जांच इंडस्ट्रियल सेफ्टी विभाग को सौंपी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



स्थानीय लोगों के अनुसार, शहजाद की कबाड़ की दुकान पिछले 20 वर्षों से संचालित हो रही थी, जहां लोहे के कबाड़ के साथ-साथ सिलेंडर कटिंग का काम भी किया जाता था।

### गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ मामला

जांच में सामने आया कि कबाड़ी शहजाद खान की दुकान में रखे कटे हुए सिलेंडर से तेजी से गैस फैली थी। सिलेंडर को कटर से काटा गया था। शुक्रवार दोपहर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान को सील कर दिया। आनंद कलादगी ने बताया कि शहजाद खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 118 (1) और 118(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। ये धाराएं खतरनाक साधनों से स्वेच्छा से चोट या गंभीर चोट पहुंचाने तथा आग, विस्फोटक या अन्य खतरनाक तत्वों से गंभीर नुकसान से जुड़ी हैं। दोष सिद्ध होने पर 10 साल तक के कारावास का प्रावधान है।

शहजाद के बेटे शाहरुख खान ने बताया कि दुकान पर वह सिलेंडर (बाटला) करीब 10 दिनों से रखा था। रात को क्या हुआ, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है क्योंकि वह नमाज पढ़ने गए थे। घटना की सूचना उन्हें करीब डेढ़ घंटे बाद मिली। शाहरुख का दावा है कि उनका काम स्क्रैप और भंगार से जुड़ा है और वे नियमित रूप से जीएसटी भी भरते हैं।

---

न्यूज ब्रीफ

## पहला नामांकन प्राप्त



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● अखिल भारतीय बैरवा महासभा पंजी जिला अध्यक्ष पद हेतु पहला नामांकन पत्र कपिल जाटवा का आज प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्य चुनाव अधिकारी मध्य प्रदेश मदन लाल मिमरोट चुनाव पर्यवेक्षक हेमराज वाडिया चुनाव सहायक लक्ष्मी नारायण बरुआ, राजकुमार शेर, अनिल बेनवाल, हर्षद रेशवाल नंदकिशोर लोदवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे महासभा के अध्यक्ष महामंत्री पद हेतु नामांकन पत्र 27 फरवरी से 1 मार्च तक भरे जाएंगे जिला अध्यक्ष महामंत्री पद हेतु मतदान 15 मार्च, रविवार को बेरवा सामुदायिक भवन परदेसीपुरा पर 8 से 5 तक होगा जिसमें सभी सामाजिक बंधु उपस्थित रहेंगे।

## श्रीमाधवनाथ महाराज की 90वीं पुण्यतिथि पर 2 से 9 मार्च तक मनेगा महोत्सव

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान में सोमवार 2 मार्च से सोमवार 9 मार्च तक योगाभ्यानंद माधवनाथ महाराज के 90वें पुण्यतिथि महोत्सव का दिव्य आयोजन होगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह के सत्र में सामूहिक ग्रन्थ पाठ एवं महाराजश्री का रुद्राभिषेक तथा दोपहर एवं रात्रि में अनेक प्रख्यात भजन एवं कीर्तन मंडलों के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव में देशभर के श्रद्धालु आएँगे। श्रीनाथ मंदिर संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष, पूर्व राज्यपाल एवं न्यायमूर्ति वीएस कोकजे ने बताया कि महोत्सव में प्रतिदिन शाम 6 बजे से टिटवाला, महाराष्ट्र की प्रसिद्ध कीर्तनकार ह.भ.प. सौ. ज्ञानदा बुरसे पंडित के मनोहारी संकीर्तन होंगे। तबले पर आदित्य लेले एवं हारमोनियम पर राजेंद्र जोशी संगत करेंगे। हर दिन भजन संकीर्तन की नई-नई प्रस्तुतियां होंगी।

## प.पू. मुनि श्री आदित्य सागर म.सा. को चातुर्मास हेतु श्रीफल अर्पित

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● अंजनि नगर, एयरपोर्ट रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर एवं दिगम्बर जैन सामाजिक संसद की ओर से शुक्रवार को रतलाम-सैलाना के मध्य विहार के दौरान प.पू. आचार्य श्री विशुद्धसागर म.सा. के कुलदीपक श्रुत संवेगी मुनि श्री आदित्य सागर म.सा. को वर्ष 2026 के मंगल चातुर्मास के लिए श्रीफल अर्पित कर इंदौर पधारने का आत्मीय आमंत्रण दिया गया। इस मंगल प्रसंग पर अंजनि नगर समाज के अध्यक्ष एवं सामाजिक संसद के महामंत्री देवेन्द्र सोगानी, उपाध्यक्ष ऋषभ पाटनी, जीतेन्द्र पाटोदी, प्रदीप बिलाला सहित बड़ी संख्या में लीट्स कॉलोनी, छत्रपति नगर, सुदामा नगर, राजेंद्र नगर, नरीमन सिटी एवं महिमा सिटी सहित एयरपोर्ट क्षेत्र के समाज बंधु उपस्थित थे।

---

# वृद्धाश्रम में बरसा फाग का रंग, बुजुर्गों के चेहरे पर खिली मुस्कान



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शहर पश्चिमी क्षेत्र एरोड्रम रोड़ स्थित राजशांति आशियाना वृद्धाश्रम में फाल्गुन की मस्ती और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। आश्रम परिसर में आयोजित 'फाग महोत्सव' के दौरान बुजुर्गों ने अपनी सुध-बुध भूलकर होली के गीत और रासलीला का आनंद लिया। महोत्सव की शुरुआत भगवान राधा-कृष्ण की मनमोहक रासलीला से हुई। फूलों की होली और फाग गीतों के बीच पूरा वातावरण 'राधे-राधे' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। आश्रम में रहने वाले बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों ने, न केवल इन प्रस्तुतियों का आनंद लिया, बल्कि भक्ति भाव में डूबकर महिलाओं ने राधा-कृष्ण के स्वरूपों के साथ जमकर नृत्य भी किया। राज शांति आशियाना वृद्धाश्रम की अधीक्षिका श्रीमती रेखा सुराना की अनूठी पहल पर कार्यक्रम का सफल आयोजित हुआ।

उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य आश्रम के बुजुर्गों को एकांकीपन से दूर रखना और उन्हें समाज की मुख्यधारा व त्योहारों की खुशियों से जोड़ना है।

## लाइनमेन दिवस के मौके पर सम्मान समारोह व सुरक्षा शपथ

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के मौके पर मप्र पश्चिम क्षेत्र कंपनी द्वारा लाइनमेन दिवस के रूप में कार्यक्रमों का आयोजन 7 मार्च को किया जाएगा। संभागीय स्तर पर कार्यक्रम होंगे, जिसमें मुख्य रूप से विद्युत सुरक्षा एवं उपभोक्ता सेवा पर फोकस रखा जाएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में इसकी तैयारी की जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के निमित्त 1 से 15 मार्च तक घर से घर तक अभियान भी संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य लाइनमेन अपने घर से सेवा भाव एवं पूर्णतः सुरक्षा के साथ कार्यस्थल जाएगा, नियमपालन, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग करते हुए कंपनी के कार्य करेगा। पुनः सकुशल घर लौटेगा। मुख्य रूप से सभी जिलों में 7 मार्च को लाइनमेन दिवस पर सम्मान समारोह एवं सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह इत्यादि के आयोजन होंगे। संयुक्त सचिव तरूण उपाध्याय ने बताया कि इसके लिए कंपनी ने सभी जिलों को पर्याप्त बजट की मंजूरी दी है।

# जीवन में भक्तो को कृष्णमय हो जाना चाहिए : पं. नीरज कृष्ण नयन महाराज

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● जीवन में भक्तो को कृष्ण मय हो जाना चाहिए,प्रत्येक मनुष्य में परमात्मा का वास होता है,भारतीय संस्कृति में प्रत्येक दिन माता पिता को चरण स्पर्श किया जाता है, संस्कृति का पालन जरूर करना चाहिए, माता पिता अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें,उन्हे संस्कारित करें, सत्संग में अपने बच्चों को जरूर लेकर जाएं,जो अपने कुल,शास्त्रों से दूर हो रहे उन्हे इन सभी की जानकारी होना ही चाहिए,संसार में जब कोई काम नहीं आता तब कन्हैया ही काम आते हैं,भगवान से मिलाने का मार्ग ही साधु संत महापुरुष बताते है, इनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने से ही जीवन में सफलताएं मिलती हैं, जीवन में दृढ़ निश्चय होना बहुत जरूरी है,जो व्यक्ति दृढ़ निश्चय वाला होता है। यह बाते पंडित नीरज कृष्ण नयन महाराज ने विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा ऊषा नगर स्थित उषा राजे परिसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कही।

आयोजन प्रमुख श्रीमती जया मिलिंद तिवारी और संयोजक योगेंद्र महंत ने बताया कि



श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया मंच को गुब्बारों और फूलो से आकर्षक सजाया गया, प्रभु श्रीकृष्ण के जयघोष के साथ हाथी घोड़ा पालकी...जय कन्हैयालाल की...नंद के घर आनंद भयो... जय कन्हैयालाल की... की गूंज से पूरा परिसर गूंज उठा,माता यशोदा व नंद बाबा के भेष में मंच पर प्रभु बालगोपाल को देख श्रद्धालु आनंदित हो उठे,प्रभु को तिलक करके माखन मिश्री का भोग लगाया,सैकड़ों महिलाओ ने भजनों पर नृत्य किया, जन्मोत्सव में पारंपरिक परिधान में महिलाएं पीली साड़ी व पुरुष पीले कुर्ते पजामे पहनकर सम्मिलित हुए, फूलो की पंखुड़ियां बरसाई गई, सभी भक्तों ने कृष्ण की बाल लीलाओं का आनंद लिया,कथा में हजारों भक्तो का जनसैलाब उमड़ा,कथा में महाराजश्री ने श्री कृष्ण जन्म प्रसंग,श्री राम जन्म प्रसंग सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया,सैकड़ों भक्तो ने राधे राधे के जयकारे लगाए,कथा में मातृशक्ति भजनों पर खूब थिरकी, कलाकारो ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दी।

## शहर में विराजित साधु-साध्वी-भगवंतों की निश्रा में फागुनी तेरस पर होगा आयोजन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● जती कॉलोनी, रामबाग स्थित सीमंधर स्वामी जिनालय पर रविवार 1 मार्च को फागुन सुदी तेरस पर सुबह 8.30 बजे स्नात्र पूजन एवं 9 बजे से श्री गिरिराज भाव तीर्थ यात्रा का दिव्य आयोजन आगम-प्रशम ब्रजरत्न सागर म.सा. की पावन निश्रा में होगा। इस अवसर पर जिनालय पर पालीताणा पहाड़ की प्रतिकृति का निर्माण भी किया गया है जिसकी साक्षी में हजारों भक्त इस भाव यात्रा का श्रवण कर फागुनी तेरस का उत्सव मनाएंगे। इस शुभ प्रसंग पर प.पू. साध्वी दमिताश्रीजी म.सा., प.पू. साध्वी चारूधर्माश्रीजी एवं प.पू. दिव्ययशाश्रीजी म.सा. सहित शहर में विराजित साधु-साध्वी-भगवंतों की निश्रा भी प्राप्त होगी। अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार के अध्यक्ष पारस बोहरा, कार्याध्यक्ष पुण्यपाल सुराना एवं सचिव दिलीप मंडोवरा ने बताया कि फागुन सुदी तेरस पर शत्रुंजय तीर्थराज की यात्रा एवं दर्शनों का पौराणिक महत्व माना गया है। जैन श्वेताम्बर समाज में फागुन तेरस को बड़ा त्यौहार माना जाता है। गुजरात के पालीताणा तीर्थ में इस दिन असंख्य मुनियों ने मोक्ष प्राप्त किया था।

## माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में कल होने वाले भव्य फाग

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में रविवार एक मार्च को स्कीम 71 स्थित अक्षत गार्डन पर शाम 6 बजे से आयोजित रंगारंग संगीत निशा एवं फाग महोत्सव का पहला न्योता जूनी इंदौर स्थित खड़े गणेशजी को समर्पित किया गया। इस अवसर पर खड़े गणेश को लड्डू प्रसाद का भोग लगाकर उनसे शहर में सुख, शांति एवं सद्भाव के लिए भी प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के प्रमुख शारदा प्रकाश अजमेरा के साथ इस अवसर पर नीताश्री-मोहन सोमानी, गोपालदास राठी, श्याम भांगडिया, आशीष बाहेती, रुपेश भूतड़ा, बलराम बजाज, कैलाश जाजू, महेश लड्ढा, आशीष माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में माहेश्वरी कुटुम्ब से जुड़े सदस्य उपस्थित थे। आरती में सुनील माहेश्वरी, प्रदीप जाखेटिया, पप्पू सिखची, आशीष माहेश्वरी, राधेश्याम सारडा, अभय डागा, पुरुषोत्तम मानधन्या भी शामिल हुए।

# कराटे क्लास के युवक पर शादी का झांसा, दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन का दबाव और अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● महू क्षेत्र में कराटे क्लास से जुड़े एक युवक पर युवती ने गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का कहना है कि आरोपी ने पहले दोस्ती कर विश्वास में लिया, फिर शादी का झूठा आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाए। बाद में असली नाम छिपाने, धमकी देने, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप भी लगाया गया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर विस्तृत शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

**दोस्ती से शुरू हुआ मामला, शादी का दिया झांसा**- पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2020 में वह अंबेडकर विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान महू में कराटे क्लास जाया करती थी। उसी क्लास में आने वाला युवक उससे बातचीत करने लगा और धीरे-धीरे मेलजोल बढ़ाया। आरोप है कि 14 जनवरी 2024 को जब घर पर कोई सदस्य मौजूद नहीं था, तब आरोपी उसके घर पहुंचा और शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी ने तीन-चार बार इसी तरह शादी का भरोसा देकर संबंध बनाए।

**बेल्ट ग्रेडिंग में खुला असली नाम**- पीड़िता के अनुसार, कराटे क्लास में बेल्ट ग्रेडिंग प्रमाणपत्र वितरण के दौरान आरोपी नाम पुकारे जाने पर प्रमाणपत्र लिया। पूछने पर उसने कथित रूप से बताया कि उसका असली नाम और वह हैदराबादी बस्ती का निवासी है। युवती का आरोप है कि उसने धमकी दी कि 'मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, जैसा कहूं वैसा करो, नहीं तो बर्बाद कर दूंगा।'

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### गिरफ्तारी और फिर बरी, शराब नीति केस से उठे नए कानूनी सवाल

आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कामकाज के तरीके और जांच की पद्धति पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। यह चिंता भी जताई जाती रही है कि आखिर इससे इन जांच एजंसियों की कैसी छवि बन रही है। मगर दिल्ली में शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले के संबंध में विशेष अदालत का जो फैसला आया है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि क्या ये एजंसियां किसी खास मंशा के तहत सोच-समझ कर नेताओं या अन्य लोगों के खिलाफ मामला उठाती हैं और क्या उनका बेजा इस्तेमाल हो रहा है। गौरतलब है कि आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। विशेष अदालत में हुई सुनवाई के बाद यही सामने आया कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के विरुद्ध जो भी आरोप लगाए थे, उसे साबित करने के लिए उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं था। लापरवाही या हड़बड़ी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सीबीआइ ने अदालत में जो आरोपपत्र प्रस्तुत किए, उनमें न सिर्फ गंभीर खामियां थीं, बल्कि कई विरोधाभास भी थे। सवाल है कि देश की सबसे महत्त्वपूर्ण एजंसी इतने बड़े स्तर पर मामला उठाते हुए किसी आरोप पर किस तरह काम करती है, कैसे आरोपपत्र तैयार करती है कि उसे खारिज किए जाने का एक आधार उसमें विरोधाभास होना होता है। यह मामला वर्ष 2021-22 के दौरान दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा है, जिसका उद्देश्य राजस्व बढ़ाना और शराब के कारोबार में सुधार करना बताया गया था। हालांकि बाद में इसमें घोर अनियमितता के आरोप लगे और मामले की जांच सीबीआइ को सौंपी गई। इसके बाद ईडी और सीबीआइ की ओर से यह आरोप लगाया गया कि इस नीति के जरिए निजी कंपनियों को अनुचित फायदा पहुंचाया गया। इस आरोप में मनीष सिसोदिया और बाद में अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के बाद अदालत ने पाया कि इस मामले में लगाए गए आरोपों के पक्ष में ठोस और विश्वसनीय सबूत नहीं थे। लिहाजा अदालत ने मामले को रद्द कर दिया और सभी तेईस आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत की यह टिप्पणी सीबीआइ के लिए बेहद असुविधाजनक होनी चाहिए कि उसने केवल अनुमानों के आधार पर साजिश की कहानी गढ़ने की कोशिश की।

# रंगों से नहीं, परिवर्तन से खिलता है मन का वसंत
# रंग नहीं, संवेदनाओं का उत्सव है होली

**अँधेरा जितना भी गहरा हो, जब आग की लपटें उठती हैं, वह हर छिपी कड़वाहट और पुरानी पीड़ा को राख बना देती हैं। होलिका दहन केवल एक धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि यह जीवन का सबसे बड़ा संदेश है कि बुराई कितनी भी प्रबल क्यों न हो, वह अंततः समाप्त हो जाती है। राख से उठता है नया वसंत, जिसमें हर पत्ता हरा, हर फूल खिलता और हर सांस नई ऊर्जा से भर जाती है। होली हमें यह सिखाती है कि परिवर्तन कोई असंभव चमत्कार नहीं, बल्कि हर क्षण हमारी अपनी समझ और प्रयास से संभव है। जो आज दुख में डूबा है, वही कल प्रेम, आनंद और उमंग के रंग में सराबोर हो सकता है।**

### होलिका दहनः पुराने अंत का नए जीवन से संगम



होलिका की कथा केवल पुरानी कहानी नहीं, बल्कि मानव मन के भीतर छिपे द्वंद्व का प्रतीक है। हिरण्यकश्यप का अहंकार और प्रह्लाद की निश्छल भक्ति हमें बताते हैं कि अच्छाई और बुराई दोनों हमारे भीतर मौजूद हैं। जब अहंकार की आग अपने आप को भस्म कर देती है, तब प्रेम और सत्य की शक्ति और प्रबल हो जाती है। हमारी जिंदगी में भी कई 'हिरण्यकश्यप' हैं - ईर्ष्या, क्रोध, भय, लालच - जो हमें मानसिक और भावनात्मक रूप से जलाने का प्रयास करते हैं। लेकिन जब हम प्रह्लाद की तरह सत्य और प्रेम पर अडिग रहते हैं, तो वही आग नकारात्मकता को समाप्त कर देती है। यही होली का सबसे बड़ा संदेश है - परिवर्तन हमेशा हमारे भीतर से शुरू होता है।

रंग बरसाना केवल चेहरों तक सीमित नहीं होता; यह दिलों की दीवारों तक पहुँचता है। पुराने मतभेद, वर्षों की शिकायतें, टूटे रिश्ते और कड़वाहटें सब रंगों में घुलकर मिट जाती हैं। होली का वसंत तभी आता है, जब हम पहले अपने भीतर की होलिका जला चुके होते हैं। जैसे सर्दियों के बाद बसंत की ताजगी आती है, वैसे ही मन के अँधेरों और पुराने गिले-शिकवे समाप्त होने पर प्रेम और भाईचारा खिलता है। परिवर्तन का अर्थ है पुरानी आदतों और नकारात्मक सोच को जलाना, और नए विचार और सकारात्मक ऊर्जा अंकुरित करने देना। होली यही सिखाती है कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं - न दुख, न क्रोध, न असफलता; सब बदल सकता है, यदि हम खुद को बदलने की हिम्मत करें।

होली का उत्सव कठिनाइयों को सरल बना देता है। रंग खेलते समय लोग जाति, संपत्ति या पद की सीमाओं को भूल जाते हैं। सभी एक हो जाते हैं। यही एकता परिवर्तन की पहली सीढ़ी है। जब हम दूसरों को रंग लगाते हैं, तो अनजाने में अपनी कड़वाहट भी धुल जाती है। क्षमा और समझौते की भावना जन्म लेती है। परिवर्तन अकेले नहीं होता, वह सामूहिक प्रयास से संभव होता है। एक व्यक्ति जब बदलता है, तो उसके आसपास का समाज भी बदलने लगता है। बुराई की होलिका अकेले नहीं जलती, अच्छाई का वसंत भी अकेले नहीं आता। सामूहिक प्रयास, प्रेम और समझदारी से ही यह संभव होता है।

होली का पर्व हमें यह भी सिखाता है कि परिवर्तन केवल बाहरी बदलाव नहीं है, बल्कि अंदर से उठने वाली क्रांति है। यह बदलाव धीरे-धीरे आता है, जब हम पुराने भ्रम, डर और संदेह को जलाते हैं। यह बदलाव व्यक्ति के दृष्टिकोण, सोच और व्यवहार में दिखाई देता है। जब हम दूसरों के लिए समझ, दया और सहयोग का रंग भरते हैं, तो वही रंग हमारे भीतर की बुराई और नकारात्मकता को भी मिटा देता है। होली केवल खुशियों का पर्व नहीं, बल्कि आत्म-शुद्धि और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है।

प्रकृति भी इस संदेश का प्रतीक है। जैसे सर्दियों के बाद बसंत में हर पेड़ और हर फूल नया जीवन लेकर आता है, वैसे ही हमारे जीवन में भी पुराने दुख, पुराने भय और पुराने गिले-शिकवे खत्म होने पर नई ऊर्जा और नई संभावनाएँ जन्म लेती हैं। होली हमें याद दिलाती है कि परिवर्तन सतत प्रक्रिया है, जो कभी रुकती नहीं। हर अंत में नया आरंभ है, और हर कठिनाई में सीख और अवसर छिपे होते हैं। जीवन के रंग तभी खिलते हैं जब हम पुराने अंधेरों को स्वीकार कर उनके ऊपर से विजय की आग लगाते हैं।

बुराई जल रही है, मतलब पुरानी कमजोरियाँ, दोष और भय समाप्त हो रहे हैं। अच्छाई का वसंत आ रहा है, मतलब नई संभावनाएँ, नया प्रेम और नयी ऊर्जा जन्म ले रही हैं। यह त्योहार हमें यह भी सिखाता है कि केवल खुद को बदलना ही पर्याप्त नहीं; दूसरों के लिए मार्ग खोलना और उन्हें प्रेरित करना भी जरूरी है। जब हम अपनी छोटी-छोटी सकारात्मक क्रियाओं के माध्यम से दूसरों के जीवन में रंग भरते हैं, तो समाज सामूहिक परिवर्तन की ओर अग्रसर होता है। यही होली का असली अर्थ है।

होली हमें याद दिलाती है कि परिवर्तन हमेशा संभव है, बुराई चाहे कितनी भी प्रबल क्यों न हो। जीवन का प्रत्येक क्षण नया अवसर देता है। पुरानी आदतों, डर, और नकारात्मकताओं को जलाकर ही हम सच्चे वसंत का अनुभव कर सकते हैं। बस हमें अपने भीतर की आग को पहचानना है, अपनी कमजोरी स्वीकार करनी है, और प्रेम, क्षमा, समझ और सकारात्मकता के रंग भरने हैं। होली नहीं मनानी, होली जीनी है — हर दिन, हर पल। क्योंकि जब हम बदलाव को अपनाते हैं, तो जीवन न केवल रंगीन, बल्कि चमत्कारिक और प्रेरक बन जाता है। यही होली का असली संदेश है — बुराई जल रही है, अच्छाई का वसंत आ रहा है, और जीवन हमेशा नई शुरुआत का अवसर देता है।

**कृति आरके जैन,**
बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

# नवल सिंह शकर कारखाना में गड़बड़ी, घाटे के बावजूद खरीदी गई थी लग्जरी कार : सारंग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● नवल सिंह सहकारी शकर कारखाने में भारी वित्तीय अनियमितताओं और मनमानी का मामला सामने आया है। मंगलवार को विधानसभा में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने खुद जांच रिपोर्ट के हवाले से इन गड़बड़ियों को स्वीकार किया है। उन्होंने सदन में स्पष्ट किया कि जितनी शिकायतें मिली थीं, घोटाले का आकार उससे कहीं अधिक बड़ा है। फिलहाल, सरकार ने जांच रिपोर्ट के आधार पर इस पूरे मामले में सख्त कार्रवाई करने के स्पष्ट संकेत दिए हैं।

बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस ने इस घोटाले के संबंध में विधानसभा में प्रश्न लगाया था। मंगलवार को उनकी अनुपस्थिति में खातेगांव विधायक आशीष शर्मा ने सदन में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। मंत्री विश्वास सारंग ने जवाब में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि इंदौर और उज्जैन के डीआर (ष्ठक्र) की संयुक्त समिति से मामले की जांच कराई गई थी। इस जांच प्रतिवेदन में उन



शिकायतों से भी ज्यादा गड़बड़ियां सामने आई हैं, जिनकी उम्मीद की जा रही थी।

सदन में विधायक आशीष शर्मा ने पोल खोलते हुए बताया कि जब नवल सिंह सहकारी कारखाना भारी घाटे में चल रहा था, तब वित्त विभाग ने किसी भी तरह के लग्जरी वाहन खरीदने पर स्पष्ट रोक लगा रखी थी। इसके बावजूद, कारखाने के तत्कालीन संचालक मंडल ने सारे नियमों को ताक पर रखकर और बिना किसी सक्षम स्वीकृति के मनमाने ढंग से एक लग्जरी वाहन खरीद लिया।

आरोप है कि इस लग्जरी वाहन का जमकर दुरुपयोग किया गया। गाड़ी का उपयोग अध्यक्ष के अलावा अन्य बाहरी व्यक्तियों द्वारा भी किया गया, जिसके टोल बूथ पर एंट्री जैसे पक्के प्रमाण भी मौजूद हैं। हैरानी की बात यह है कि बचने के लिए इस वाहन की लॉग बुक ही गायब कर दी गई है। विधायक शर्मा ने आरोप लगाया कि संचालक मंडल भंग होने के बाद भी यह खरीद की गई थी। उन्होंने भोपाल से विशेष टीम भेजकर इस पूरे वित्तीय घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

विधायक द्वारा उठाए गए इन गंभीर सवालों और आरोपों पर सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने सदन को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि संयुक्त जांच रिपोर्ट में गड़बड़ियां पूरी तरह से प्रमाणित हो चुकी हैं और अब इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सनावद सुपरफास्ट पैसेंजर को ओंकारेश्वर रोड तक चलाएं, जनमंच सदस्यों ने रेलमंत्री से की मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● सामाजिक संस्था जनमंच ने सनावद सुपर फास्ट पैसेंजर और खंडवा-सनावद मेमू ट्रेन का संचालन ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन तक शुरू करने की मांग उठाई है। संस्था के सदस्यों ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेल और ट्वीट कर ज्ञापन भेजा है।

जनमंच सदस्यों का कहना है कि तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर रोड तक ब्रॉडगेज रेल लाइन का कार्य लगभग डेढ़ साल पहले पूरा हो चुका है। 15 जुलाई 2024 को सनावद से ओंकारेश्वर रोड के बीच नव स्थापित ब्रॉडगेज लाइन पर 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सफल ष्ट्रक्रस् परीक्षण भी किया जा चुका है और सुरक्षा क्लियरेंस मिल चुका है। इसके बावजूद अब तक मेमू ट्रेन का संचालन ओंकारेश्वर रोड तक शुरू नहीं हो सका है।

### सिंहस्थ-2028 से पहले कनेक्टिविटी की उम्मीद

निमाड़ क्षेत्र के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस आगामी सिंहस्थ-2028 से पहले ओंकारेश्वर रोड स्टेशन भोपाल और भुसावल से सीधे जुड़ जाए, ताकि उत्तर और दक्षिण भारत से आने वाले श्रद्धालु आसानी से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर और जैन तीर्थ सिद्धवर कूट पहुंच सकें। सदस्यों ने बताया कि ओंकारेश्वर रोड स्टेशन पर अधिकांश निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक यहां केवल एक ट्रैक ही डाला गया है। पिटलाइन, यार्ड और वॉशिंग सुविधा का प्रावधान भी नहीं किया गया है। तीर्थस्थल को देखते हुए यहां चार अतिरिक्त प्लेटफॉर्म की आवश्यकता बताई गई है, ताकि स्टेशन को टर्मिनस या जंक्शन के रूप में विकसित किया जा सके।

### खंडवा-इंदौर ब्रॉडगेज कार्य में देरी

जनमंच और निमाड़ मालवा रेल विकास समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि खंडवा-इंदौर ब्रॉडगेज कन्वर्जन का कार्य वर्ष 2014 में पूरा होना था, लेकिन 10 सार से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा है। महू से चोरल के बीच ब्रॉडगेज कार्य से जुड़े टेंडर भी जारी नहीं हो पाए हैं। सदस्यों का कहना है कि यदि कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए तो सिंहस्थ 2028 से पहले क्षेत्रवासियों को

# आजीविका होली मेला आज से, महिलाओं ने पलाश-गुलाब से तैयार किया हर्बल गुलाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 'मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन' द्वारा 27 और 28 फरवरी को पुराना एसडीएम कार्यालय (सिटी पैलेस मॉल के सामने) में दो दिवसीय 'आजीविका होली मेला' का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पलाश, गुलाब और गेंदे के फूलों से तैयार पूरी तरह सुरक्षित और प्राकृतिक हर्बल गुलाल बेचेंगी, जिसकी कीमत 100 ग्राम के लिए 80 रुपए और 200 ग्राम के लिए 150 रुपए तय की गई है। मेले के माध्यम से स्थानीय महिलाओं को सीधा बाजार और स्वरोजगार का अवसर मिल रहा है। यह मेला राज्य सरकार के 'कृषक कल्याण वर्ष' के तहत आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य 'वोकल फॉर लोकल' पहल के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़ना है। इसके जरिए महिलाओं को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का बड़ा अवसर प्रदान किया जा रहा है।

प्राकृतिक रंग और गुलाल की विशेष मांग



को देखते हुए आजीविका होली मेले में इसके लिए एक अलग से स्टॉल लगाया जा रहा है। मेले में हर्बल गुलाल का 100 ग्राम का पैकेट 80 रुपये में और 200 ग्राम का पैकेट 150 रुपये में बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगा। इन रंगों में किसी भी प्रकार के रासायनिक तत्व (केमिकल) का उपयोग नहीं किया गया है, जिससे ये त्वचा के लिए पूरी तरह सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल हैं। रासायनिक रंगों के बढ़ते दुष्प्रभावों को देखते हुए इन प्राकृतिक रंगों का महत्व काफी बढ़ गया है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। इसके अलावा मेले में आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार किए गए पापड़, अचार, पारंपरिक पकवान, हस्तशिल्प और कई तरह की सजावटी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाकर उनकी बिक्री भी की जाएगी।

प्राकृतिक रंग तैयार करने की प्रक्रिया पूरी तरह केमिकल फ्री है। महिलाएं पलाश के फूल और किसानों से गुलाब और गेंदा जैसे रंग-बिरंगे फूल खरीदती हैं। इन फूलों की पंखुड़ियों को अलग कर 2 से 3 दिन तक सोलर ड्रायर में सुखाया जाता है। इसके बाद सूखी पंखुड़ियों को बारीक पीसकर पाउडर बनाया जाता है। फिर उस पाउडर में चावल का आटा, मक्के का आटा और हल्दी मिलाकर रंग तैयार किया जाता है।

हर्बल गुलाल बनाने की इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 से 5 दिन का समय लगता है। बुरहानपुर जिले के खकनार खुर्द गांव में यह कार्य 'नारी शक्ति समूह' की 8 से 10 महिलाएं मिलकर कर रही हैं। इन महिलाओं की मेहनत अब इस मेले के जरिए सीधे ग्राहकों तक पहुंचेगी।

# शाहपुर से पूंजी के बीच पीएम सड़क को भी जिला मेन रोड में शामिल करें

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खंडवा** ● नगर सीमा से हीरापुर, पूंजी, चोपना होकर डेयरी आमढाना जाने वाली सड़क के शाहपुर से पूंजी के बीच हिस्से को जिला मुख्य सड़क में शामिल करने की मांग नागरिकों ने विधायक से की है। इस सड़क का पूंजी से दुर्गापुर तक का हिस्सा पहले ही जिला मुख्य सड़क में शामिल हो चुका है। शाहपुर से पूंजी तक का हिस्सा अभी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अधीन है।

ग्रामीणों ने बताया कि सारणी, घोड़ाडोंगरी का एसडीएम कोर्ट शाहपुर में पड़ता है। इस सड़क पर पुनर्वास क्षेत्र से शाहपुर के बीच आवागमन व्यस्त रहता है। इसी सड़क पर तवा नदी में उच्च स्तरीय पुल स्वीकृत हुआ है। इससे 12 महीने आवागमन सुगम होगा। पूंजी से शाहपुर के बीच करीब 15 किलोमीटर सड़क जिला मुख्य सड़क में शामिल होने पर भविष्य में जिला मुख्य सड़क के मापदंडों के अनुसार विस्तार की संभावना बनेगी। यह बढ़ती आबादी के लिए सुविधाजनक होगा। विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने कहा कि जनभावना को देखते हुए शाहपुर-चोपना रोड के शेष हिस्से को जिला मुख्य सड़क में शामिल करने के लिए लोनिवि मंत्री को पत्र लिखा है।

# ओलंपिक में बदले हुए वजन वर्ग में उतरेंगे रवि दहिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● ओलंपिक पदक विजेता पहलवान रवि कुमार दहिया ने कहा है कि उनका लक्ष्य लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतता है और इसके लिए वह तैयारी भी कर रहे हैं। टोक्यों ओलंपिक के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक विजेता रवि इसके बाद साल 2024 में पेरिस ओलंपिक में वह जगह नहीं बना पाये और इसी कारण अब वह अपना भार वर्ग बदलकर लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं। रवि 57 किग्रा की जगह अब 65 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा ले सकते हैं। उनसे देश को अगले ओलंपिक में स्वर्ण पदक की उम्मीद है। इस खिलाड़ी का कहना है कि वह रजत तक ही सीमित नहीं रह सकते हैं। उनका



लक्ष्य स्वर्ण जीतना है। रवि को पहचान 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में मिली। तब 57 किलोग्राम भार वर्ग में उन्होंने रजत पदक जीता था। वहीं साल 2019 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की थी। रवि एशियाई चैंपियनशिप में भी विजेता हैं। 2018, 2020, और 2021 में उन्होंने इसमे स्वर्ण पदक जीते थे।टोक्यो ओलंपिक के बाद उन्होंने साल 2022 में राष्ट्रमण्डल खेलों में भी दहिया ने स्वर्ण पदक जीता था। उनके पिता राकेश दहिया तो किसान हैं, लेकिन उनके चाचा मुकेश दहिया कुश्ती से जुड़े रहे हैं। इस वजह से रवि को कुश्ती विरासत में मिली है, जिसे उन्होंने अपने प्रयासों से सफल बनाया है। रवि ने केवल 10 साल की उम्र में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में कुश्ती प्रशिक्षण के लिए दाखिला लिया।

# अभिषेक के फार्म हासिल करने पर युवराज ने खुशी जतायी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह टी20 विश्वकप में अपने शिष्य अभिषेक शर्मा की शानदार पारी से बेहद खुश हैं। अभिषेक इस टूर्नामेंट में पहली बार अच्छी पारी खेलने में सफल रहे हैं। अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-आठ में 55 रनों की शानदार पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं शुरुआती तीन लीग स्तर के मैचों में वह शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये थे जबकि सुपर-8 के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15 रन ही बना पाये थे। ऐसे में वह प्रशंसकों के निशाने पर थे। वहीं अब अभिषेक ने



जिम्बाब्वे के खिलाफ शर्मा ने 30 गेंद में 55 रन बनाकर लय हासिल की है। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 4 छक्के भी जड़े। सेमीफाइनल से ठीक पहले अभिषेक के फार्म में आने से उनके गुरु युवराज बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिय में लिखा, अच्छी पारी सर अभिषेक, जारी रखो।

अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ संभलकर खेला पर अवसर मिलते हुए बड़े शॉट भी लगा दिये। इस बल्लेबाज ने हर गेंद पर बड़े शॉट लगाने की जगह पर स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान दिया जिससे भी उन्हें लाभ हुआ। इसी को देखते हुए युवराज ने लिखा, असली जवाब तब होता है जब आप अपने बल्ले को ही सारी बात करने देते हैं। अच्छी पारी, सर अभिषेक। ऐसे ही लगे रहिए।

# संगकारा ने श्रीलंकाई क्रिकेट में बदलाव की जरुरत बतायी



**कोलंबो (एजेंसी)** ●श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कुमार संगकार ने अपनी मेजबानी में हो रहे आईसीसी टी20 विश्वकप से टीम के बाहर होने पर निराशा जतायी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये हमारे क्रिकेट भविष्य को लेकर एक चेतावनी भी है, अगर हम अभी नहीं संभले तो इसी प्रकार पिछड़ते जाएंगे। इसलिए अब हमें बड़े बदलाव की जरुरत है। संगकारा ने कहा, इस प्रकार बाहर होने सो हर तरफ बहुत दर्द है। प्रशंसक टूट चुके हैं, निराश और गुस्से में हैं। खिलाड़ी भी बेहद आहत हैं। मैं ऐसे ड्रेसिंग रूम में रहा हूं, यह आसान नहीं होता। लेकिन देश का प्रतिनिधित्व करना एक जिम्मेदारी भी है और सौभाग्य भी। संगकारा ने खिलाड़ियों के जज्बे को समझते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी का हिस्सा है, लेकिन इससे उबरने के लिए बदलाव जरूरी है। संगकारा ने कहा कि इस हार से हमें सबक लेते हुए खेल ढ़ांच में बदलाव करना होगा। साथ ही कहा, हर स्तर पर हमें काफी कुछ करने की जरुरत है। हम एक जैसी गलतियां दोहराते रहेंगे तो बेहतर परिणामों की उम्मीद नहीं की जा सकती है। अधुनिक क्रिकेट तेजी से बदल रहा है और हमें उसके अनुरुप ढ़लना होगा। अगर हमने अपने को नहीं बदला तो हम बाहर हो जाएंगे।

# शक्ति मोहन ने शुरु की वैश्विक सांस्कृतिक यात्रा

**मुंबई (एजेंसी)** ● प्रसिद्ध भारतीय नृत्यांगना शक्ति मोहन ने अपने विशेष यूट्यूब प्रोजेक्ट 'डांस अक्रॉस द वर्ल्ड' के जरिए एक वैश्विक सांस्कृतिक यात्रा शुरू की है। यह सफर सिर्फ विभिन्न देशों तक सीमित नहीं, बल्कि अलग-अलग सभ्यताओं और उनकी नृत्य परंपराओं को नए दृष्टिकोण से समझने का प्रयास भी है। हाल ही में उन्होंने इस प्रोजेक्ट का नया एपिसोड लॉन्च किया, जिसमें वह रूस की प्राचीन और शक्तिशाली लोकनृत्य शैलियों को एक्सप्लोर करती नजर आईं। लॉन्च इवेंट में उनके दोस्तों, परिवार और इंडस्ट्री के लोगों ने इस अनोखे विज़न की सराहना की। शक्ति मोहन के मुताबिक यह प्रोजेक्ट उनके दिल के बेहद करीब है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य हजारों साल पुरानी नृत्य शैलियों को आज की युवा पीढ़ी से जोड़ना है, ताकि ये कला रूप जीवित रह सकें। पहले सीजन में वह कई देशों के पारंपरिक नृत्य रूप सीख चुकी हैं और उन्हें अपने दर्शकों तक पहुंचाया है।





# 'अनटाइटल्ड सोशल ड्रामा' फिल्म को लेकर चर्चा में सैयामी खेर

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री सैयामी खेर आजकल अपनी नई अनटाइटल्ड सोशल ड्रामा फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस अपकमिंग फिल्म के बारे में सैयामी का कहना है कि पर्दे पर भावनात्मक संवेदनशीलता और कमजोरी को दिखाना किसी भी शारीरिक रूप से कठिन भूमिका की तुलना में कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण होता है। उनके मुताबिक, यह फिल्म उनके करियर में एक नया मोड़ साबित हो सकती है, क्योंकि इसमें वह अपने अभिनय के एक पूरी तरह अलग पक्ष को दर्शकों के सामने पेश करने वाली हैं। सैयामी इस समय निर्देशक विक्रम फडनीस की इस फिल्म की शूटिंग में जुटी हुई हैं, जिसमें उन्हें एक संवेदनशील और कोमल किरदार निभाने का मौका मिला है। फिल्म में उनके साथ ताहिर राज भसीन भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि मेकर्स ने अभी फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया है, लेकिन इसके विषय को देखते हुए दर्शकों में इसे लेकर उत्सुकता पहले से ही बढ़ गई है।

## उज्जैन संभाग

# सिंहस्थ क्षेत्र में अतिक्रमण कार्रवाई से संत नाराज, कलेक्टर से मिला शैव शंभू संन्यासी मंडल



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●सिंहस्थ क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर शैव शंभू संन्यासी मंडल के संत-महंतों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा है। संतों ने हाल ही में हुई प्रशासन की अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई पर असंतोष जताया है। कुछ दिन पहले प्रशासन ने सिंहस्थ क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाए थे। इस कार्रवाई के बाद शैव शंभू सन्यासी मंडल ने दत्त अखाड़ा परिसर में एक बैठक आयोजित की थी, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संत समाज अपनी बात प्रशासन के समक्ष रखेगा। इसके बाद संतों का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। सौंपे गए ज्ञापन में संतों ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण, पक्के निर्माण, आश्रमों के लिए बोरिंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रीष्म ऋतु और आगामी मेले को देखते हुए समय कम है, इसलिए आश्रमों का त्वरित सर्वे कराया जाए और आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए शासन स्तर से राशि स्वीकृत कर शीघ्र कार्य पूर्ण कराए जाएं, ताकि भविष्य में अव्यवस्था न हो। संतों ने बताया कि नगर निगम ने हाल ही में कुछ आश्रम-मठों पर कार्रवाई की थी। जिससे संत समाज में असंतोष है। वर्षों से स्थापित महामंडलेश्वरों और संतों के आश्रमों को संरक्षण दिया जाए। नियमों के तहत अनुमति प्रदान कर उन्हें नियमित किया जाए। इसके अतिरिक्त, ज्ञापन में कार्तिक मेला ग्राउंड के समीप शंकराचार्य चौक पर भगवान शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी शामिल की गई। शैव शंभू सन्यासी मंडल के अध्यक्ष महंत रामेश्वर गिरी ने बताया कि हमारी मुख्य मांग है कि शासन के कार्यों में तेजी लाई जाए और अखाड़ों व आश्रमों को मिलने वाली सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए।

# घाट से 2 किलोमीटर क्षेत्र में होगी पार्किंग, मेले की उल्टी गिनती शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● सिंहस्थ मेला कार्यालय में गुरुवार को अधिकारियो ने आगामी सिंहस्थ मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाई जाने वाले पार्किंग के लिए 3 घंटे से अधिक समय तक बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया की अपने वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं को ज्यादा पैदल चलना नहीं पड़े इसके लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। प्लान के तहत श्रद्धालु के लिए नदी घाट से करीब 2 किमी परिधि में ही पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बैठक में दिए गए निर्देश के बाद सिंहस्थ 2028 के लिए उल्टी गिनती लगभग शुरू हो चुकी है। इसके लिए अधिकारियों ने भी माइक्रो प्लानिंग शुरू कर दी है। सभी फोर लेन और सिक्स लेन के पास जो मार्ग उज्जैन से जुड़ रहे हैं पार्किंग की व्यवस्था का प्लान किया गया है। इसमें 12 से अधिक पार्किंग स्थलों को चयनित कर लगभग 5 से 7 लाख वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। संभावित प?लान अनुसार लेवल वन पार्किंग पर लगभग 1 लाख वाहन ,लेवल 2 पार्किंग पर लगभग 2 से 3 लाख गाड़ियां और लेवल 3 पार्किंग पर तीन से चार लाख वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। इंदौर रोड पर, बड़नगर रोड पर, गरोठ रोड के पास और आगर रोड के पास भी पार्किंग की व्यवस्थाओं के लिए स्थल चयनित किए जा रहे हैं। बैठक में इंदौर और देवास की ओर से आने वाले यातायात, बडनगर, बदनावर से आने वाले यातायात, उसकी भीड़ प्रबंधन के लिए वाहनों की व्यवस्था पर गंभीर चिंतन किया गया। इसके साथ ही गरोठ रोड, आगर और मक?सी की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी मंथन हुआ है। सिंहस?थ में किस प्रकार से वाहनों को मेला क्षेत्र में आने से पहले लेवल वन पार्किंग, लेवल 2 पार्किंग और लेवल 3 पार्किंग किस प्रकार से रखी जाए।

# महाकाल मंदिर में रंग-गुलाल बैन, श्रद्धालु नहीं खेल सकेंगे होली, गुलाल से भड़की आग में 14 झुलसे थे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में होली पर रंग-गुलाल ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। मंदिर परिसर और महाकाल लोक में श्रद्धालु होली नहीं खेल सकेंगे। 2 और 3 मार्च को श्रद्धालुओं को सख्त जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा। यह फैसला साल 2024 की धुलेंडी पर भस्म आरती के दौरान लगी आग की घटना के बाद लिया गया है। उस हादसे में पुजारी सहित करीब 14 लोग झुलस गए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति ने इस बार विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### पूरे परिसर में रंग पर पूर्ण रोक

गर्भगृह, नंदी मंडपम्, गणेश मंडपम्, कार्तिकेय मंडपम् सहित संपूर्ण मंदिर परिसर और महाकाल लोक क्षेत्र में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल ले जाना प्रतिबंधित है। रंग उड़ाना या विशेष उपकरण से रंग फैलाना और एक-दूसरे को रंग लगाना पूरी तरह वर्जित रहेगा।

### सिर्फ प्रतीकात्मक रूप से अर्पित होगा गुलाल

भगवान श्री महाकालेश्वर की त्रिकाल आरती में प्रत्येक आरती के दौरान 1-1 किलोग्राम हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया जाएगा। यह गुलाल मंदिर की कोठार शाखा द्वारा भस्म आरती, शयन आरती और शासकीय पुजारियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

# होली-रमजान को लेकर फ्लैग मार्च, संवेदनशील इलाकों में 250 पुलिसकर्मियों ने संभाली कमान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● होली और रमजान के मद्देनजर शहर में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च नागीझिरी और फव्वारा चौक क्षेत्र में आयोजित किया गया। फव्वारा चौक पर एएसपी आलोक शर्मा, डीएसपी क्राइम योगेश तोमर और डीएसपी भारत सिंह यादव ने पुलिस बल का नेतृत्व किया। वहीं नागीझिरी क्षेत्र में सीएसपी श्वेता गुप्ता और सीएसपी दीपिका शिंदे ने मोर्चा संभाला।



### 250 पुलिसकर्मी हुए शामिल

करीब 250 पुलिसकर्मियों ने प्रमुख मार्गों और बाजार क्षेत्रों में पैदल मार्च करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से शांति बनाए रखने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। कानून-व्यवस्था भंग करने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ाना और त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है।

# 2 मार्च से थम जाएंगे बसों के पहिए, मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा का विरोध, बस संचालकों की हड़ताल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा के विरोध में उज्जैन सहित पूरे प्रदेश की 29 हजार से अधिक बस के संचालक 2 मार्च से हड़ताल करने जा रहे है। इस हड़ताल की वजह से बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उज्जैन की भी करीब 5 हजार बसे बंद रहेंगी। 2 मार्च को होली की छुट्टी पर बड़ी संख्या में लोग अपने घर जाने के लिए बस सेवा का उपयोग करते है, ऐसे में संभावित हड़ताल हुई तो लोगों की मुसीबत बढ़ जायेगी। अप्रैल में शुरू होने वाली मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा के विरोध में 2 मार्च से बसों का संचालन बंद कर संचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे। ऐसे में यात्रियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। संभागभर के बस ऑपरेटरों ने विरोध स्वरूप अपनी-अपनी बसों पर हड़ताल के बैनर पोस्टर लगा दिए है। अपनी मांग को लेकर कई बार सरकार को अवगत भी करा चुके है। दरअसल मप्र सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा चालू करने जा रही हैं, जिसका विरोध मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन करने जा रहा है। माना जा रहा है कि यदि हड़ताल होती है तो यात्रियों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। उन्हें निजी वाहनों पर और ट्रेन पर निर्भर होना पड़ेगा। प्राइम रूट बस संगठन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष पंडित गोविंद शर्मा ने बताया कि शासन की उक्त परिवहन की नई पॉलिसी से ऑपरेटरों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। कई लोग बेरोजगार हो जाएंगे। यात्रियों को किराया भी अधिक देना पड़ सकता है। एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि वह अपनी नीति को आगे नहीं बढ़ाए। चेतावनी पत्र दिया है कि यदि एक मार्च तक उनकी मांगें नहीं मानी गई तो दो मार्च से प्रदेशभर में बसों का संचालन बंद करेंगे।

# महाकाल मंदिर की चल-अचल संपत्ति को लेकर उठा मुद्दा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन ●** उज्जैन के महाकाल मंदिर की कुल संपत्ति को लेकर विधानसभा में सवाल उठा है। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने मंदिर की चल-अचल संपत्ति और आय का पूरा ब्योरा मांगा है। पूरा मामला जानने के लिए खबर आखिरी तक पढ़िए।

महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन एक प्रमुख धार्मिक नगरी बनकर उभरा है। एमपी में सबसे ज्यादा श्रद्धालु दर्शन करने के लिए उज्जैन ही जाते हैं। इसके चलते मंदिर की आय भी खूब बढ़ गई है। अब इसे लेकर एक सवाल उठ रहा है कि आखिर महाकाल मंदिर की चल-अचल संपत्ति कितनी है यह सवाल एमपी विधानसभा में 26 फरवरी को उठा था।

**विधायक ने मांगी यह जानकारी** : यह सवाल उज्जैन उत्तर से बीजेपी विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने उठाया था। उन्होंने धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी से यह सवाल किया था। इसमें जानकारी मांगी गई कि महाकाल मंदिर उज्जैन के नाम पर प्रदेश और प्रदेश के बाहर कितनी भूमि दर्ज है? वर्तमान में मंदिर की चल और अचल संपत्ति कितनी है। इन संपत्तियों का सत्यापन कब-कब हुआ है। मंदिर की आय क्या है।



साथ में ये जानकारी भी मांगी गई कि क्या इस राशि का अन्य उपयोग किया जाता है।

**मंदिर को एक साल में 107 करोड़ का दान** : महाकाल लोक बनने के बाद बाबा महाकाल के मंदिर में आने वाले भक्तों की संख्या करोड़ों में पहुंच चुकी है।

### 300 करोड़ से ज्यादा की एफडी, दो हजार किलो चांदी

मिली जानकारी के अनुसार बाबा महाकाल मंदिर प्रबंधन के पास लगभग 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की एफडी मौजूद है। सूत्रों के अनुसार मंदिर के पास दो हजार किलो से ज्यादा की चांदी भी है। इसकी कीमत लगभग 60 करोड़ से ज्यादा की है। वहीं 30 करोड़ से ज्यादा की कीमत का 20 किलो सोना भी है। करीब 90 एकड़ जमीन भी मंदिर के पास है। इसकी कीमत अच्छी-खासी है। हालांकि जमीन में कई जगह कानूनी विवाद भी चल रहे हैं।

साल 2025 में करीब 6 करोड़ भक्त पहुंचे थे। वहीं इनके जरिए 107 करोड़ रुपए का दान किया गया था। इसमें दान पेटी में 43 करोड़ रुपए और शीघ्र दर्शन रसीद से 64 करोड़ रुपए मिले हैं।

वहीं साल 2025 के दौरान मंदिर को 592.36 किलो चांदी और 1.48 किलो सोना दान में मिला था। चांदी के दान में तेजी आई है। बीते साल 2024 की तुलना में 193 किलो चांदी ज्यादा मिली है। हालांकि सोना साल 2024 की तुलना में कम मिला है। उस दौरान 1.5 किलो से ज्यादा सोना दान में आया था।

# मंत्री विजयवर्गीय को क्यों याद आए संत कबीर दास, क्या खुद से नाराज हैं?

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अचानक संत कबीर दास को याद किया है। उनके एक चर्चित दोहे को उन्होंने ङ्ग पर पोस्ट किया है। अब इससे सवाल उठ रहा है कि क्या वह खुद से नाराज हैं।

मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपनी इंदौर विधानसभा 1 में हुए भागीरथपुरा कांड के बाद से ही उलझे हुए हैं। इस कांड के बाद भले ही वह कह रहे हैं कि, मैं तीन दिन तक सोया नहीं और वहीं कुर्सी डालकर बैठा रहा।

इसके बावजूद उनके बयानों ने राजनीतिक बवाल खड़ा किया है। हाल ही में उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को औकात में रहने की नसीहत दे डाली। अब उन्होंने अपने सोशल





मीडिया (एक्स) पर संत कबीर दास का एक दोहा लिखा है।

यह दोहा लिखा विजयवर्गीय ने

**बुरा जो देखन मैं चला, बुरा ना मिलिया कोय।**
**जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा ना कोय।।**

अर्थात- जब मैं दुनिया में बुराई खोजने निकला तो मुझे कोई बुरा व्यक्ति नहीं मिला। लेकिन जब मैंने अपने मन के अंदर झांककर देखा तो पाया कि मुझसे अधिक बुरा कोई नहीं है।

**क्या खुद से नाराज है मंत्री**-संत कबीरदास के इस दोहे के इस समय कहने से कई मायने निकाले जा रहे हैं। माना यही जा रहा है कि हाल में जो घटनाक्रम हुए और जो उनके मुंह से शब्द निकले उससे वह खुद खुश नहीं हैं। भागीरथपुरा कांड के बाद जब जनवरी में उन्होंने मीडिया से बात करते हुए गलत शब्द कहा था। उस शब्द के कारण वह घिर गए थे।

# तीन इलाकों में मचाया था रातभर आतंक

## पत्थरबाजी-वाहन में तोड़फोड़ करने वाले का जुलूस निकाला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** चंदन नगर, मल्हारगंज और छत्रीपुरा थाना क्षेत्रों में वाहनों में तोडफोड़ करने और पुलिस चौकी पर पत्थरबाजी कर दहशत फैलाने वाले एक सनकी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने सिर्फ अपना वर्चस्व दिखाने के लिए रात भर उपद्रव मचाया था। चंदन नगर पुलिस ने आरोपी का उसी जगह जुलूस निकाला जहाँ उसने गुंडागर्दी की थी और घुटनों पर बिठाकर माफी मंगवाई। आरोपी सावन नरवाले निवासी सुल्फाखेड़ी, मल्हारगंज ने 24 फरवरी की रात शराब के नशे में साथियों के साथ मिलकर जमकर उत्पात मचाया। आरोपी ने राजनगर पुलिस चौकी पर पत्थरबाजी की और तीनों थाना क्षेत्रों में दहशत फैलाते हुए जनता के 7 वाहनों के कांच फोड़ दिए थे। चंदन नगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से सावन को दबोच लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह जनता के बीच डर पैदा करना चाहता था। पुलिस ने उसे सबक सिखाने के लिए उसी क्षेत्र में उसका जुलूस निकाला जहाँ उसने पत्थरबाजी की थी। वहां आरोपी ने हाथ जोड़कर आम जनता से माफी मांगी।

**हमला करने वाले दो बंदी**- देर रात एक घर के बाहर खड़ी कार पर हमला करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों ने पुरानी रंजिश का बदला लेने की नीयत से वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी फउटेज के आधार पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा है। एयरपोर्ट रोड स्थित भोलेनाथ कॉलोनी के निवासी अशोक तंवर ने एरोड्रम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि रात करीब 2 बजे अज्ञात बदमाशों ने उनके घर के बाहर खड़ी हुंडई वर्ना कार पर लोहे की रॉड से हमला किया। बदमाशों ने कार के कांच फोड़ दिए और उसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। थाना प्रभारी तरुण सिंह भाटी ने बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें आरोपियों की पहचान रूद्राक्ष और अंशु दोनों निवासी एरोड्रम के रूप में हुई। पूछताछ में यह बात सामने आई कि अशोक तंवर का पूर्व में गट्टू उर्फ युवराज बैस नाम के व्यक्ति से विवाद चल रहा था। इसी विवाद का बदला लेने के लिए युवराज ने इन लड़कों को भेजकर कार में तोडफोड़ करवाई थी।

### जनता के बीच पहुंचे महापौर, चौपाल में सीधे सुनी शिकायतें

# 1 अप्रैल तक खेड़ापति पुल निर्माण पूरा करें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** शहर की जमीनी समस्याओं पर शहरवासियों से सीधा संवाद करने हेतु महापौर पुष्यमित्र भार्गव वार्ड 01 में जनता के बीच पहुंचे और वीर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास संकल्प से समाधान जनता चौपाल लगाकर अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। बड़ी संख्या में पहुंचे रहवासियों ने सीवरेज, पानी, सड़क और नामांतरण से जुड़ी शिकायतें सीधे महापौर के सामने रखीं। महापौर ने साफ कहा कि वे स्वागत या प्रशंसा सुनने नहीं, बल्कि बची हुई समस्याओं का तत्काल समाधान करने आए हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि जनता की शिकायतों को तय समय-सीमा में निबटाया जाए।

**पैदल-स्कूटर से किया वार्ड का दौरा** : चौपाल के बाद महापौर और क्षेत्रीय पार्षद महेश चौधरी ने पैदल और स्कूटर से जयश्रीनगर, नगीन नगर, गोवर्द्धन पैलेस कॉलोनी, गांधी पैलेस कॉलोनी सहित पूरे वार्ड का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास बन रही पुलिया की धीमी गति पर महापौर ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में 1 अप्रैल तक कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में सड़क, ड्रेनेज और जल लाइनों का बड़ा नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जिसमें समय लगता है, लेकिन समय-सीमा से समझौता नहीं होगा।

### चौपाल में गूंजे स्थानीय मुद्दे

चौपाल में नागरिकों ने फेस कॉलोनी में सड़क निर्माण, जगदीशपुरी में बैकलेन सफाई, डायमंड पैलेस कॉलोनी में गंदे पानी, सिरपुर ग्राम में संपति नामांतरण और बजरंग कांकड़ क्षेत्र में सीवरेज लाइन की समस्याएं उठाई। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दिए।

### रहवासियों ने बताई समस्या

रहवासी गुलनाज बानो ने वार्ड में हुए विकास कार्यों और संजीवनी क्लिनिक की सराहना की, वहीं गणेश नगर के अभिषेक लोधी ने कम गहराई वाली सीवरेज लाइन से जलजमाव की समस्या बताई, जिस पर महापौर ने उपयंत्री राघवेन्द्र सिह बैस और जोनल अधिकारी को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# निगम ने सील की दुकानें, महापौर भार्गव ने खुलवाई, बोले- टैक्स ट्रस्ट पर बकाया तो दुकानें क्यों की सील?

### खालसा ट्रस्ट पर 1.67 करोड़ टैक्स है बकाया, व्यापारियों ने महापौर से लगाई थी गुहार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** नगर निगम द्वारा वित्त वर्ष के अंतिम माह में संपत्तिकर, जलकर वसूली के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। जहां बकायादारों की सूची राजवाड़ा जैसे शहर के हृदय स्थल पर होर्डिंग लगाकर चस्पा की जा रही है, वहीं गहरी नींद में सोने वाले बकायादारों को जगाने के लिए ढोल बजाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में नगर निगम ने खालसा ट्रस्ट पर 1 करोड़ 67 लाख का संपत्तिकर बकाया होने पर ट्रस्ट की 70 दुकानों को सील कर दिया। निगम की इस कार्रवाई के विरोध में व्यापारी जब महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मिले तो उन्होंने निगम अधिकारियों को



सील की गई दुकानें खोलने के निर्देश दिए। महापौर भार्गव ने बताया कि टैक्स खालसा ट्रस्ट पर बकाया है, व्यापारी किराएदार हैं। कार्रवाई ट्रस्ट पर होना चाहिए न कि व्यापारियों पर। महापौर के निर्देश पर दुकानें तो खुल गई, लेकिन निगम की इस कार्रवाई के बाद एक बार फिर निगम में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय की कमी दिखाई दे रही है।

### कार्रवाई से पहले सभी पक्षों पर विचार करें

महापौर के निर्देश के बाद सील की गई दुकानों के ताले निगम ने खोल दिए, लेकिन राजस्व विभाग की इस कार्रवाई को लेकर निगमायुक्त ने राजस्व अधिकारियों की क्लास लगा दी। निगमायुक्त ने अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि सख्ती करने से पहले सभी पक्षों पर ध्यानपूर्वक विचार करें। विरोधाभास की स्थिति नहीं होना चाहिए। इसी समय सही व्यक्ति से राजस्व वसूली नियम अनुसार की जाए। इतनी बडी संख्या में दुकानें सील की जा रही थीं, तो राजस्व विभाग को व्यापारियों का पक्ष ध्यान में रखना चाहिए।

### निगमायुक्त ने किया जोन 11 व 20 का निरीक्षण, एजेंसी के विरुद्ध पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए

# सफाई में लापरवाही, दरोगा और सीएसआई का वेतन कटेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा शुक्रवार प्रात: शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान झोन 11 एवं झोन 20 सहित अन्य इलाकों में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।



निगमायुक्त आयुक्त द्वारा सर्वप्रथम झोन क्र. 11 के अंतर्गत जीपीओ चौराहा, शिवाजी वाटिका, दवा बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दवा बाजार परिसर एवं आसपास कचरा एवं गंदगी देख आयुक्त ने दवा बाजार परिसर में सफाई कार्य में लगी एजेंसी के विरुद्ध पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए।




इंदौर। सराफा बाजार में फैल रही अराजकता को लेकर किया मौन प्रदर्शन

# मेट्रो को शहर में रेडिसन चौराहा तक लाने की तैयारी, की गई ब्लास्टिंग

### राजवाड़ा, एमजी रोड पर अंडरग्राउंड स्टेशन का काम किया जाना है

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** मेट्रो स्टेशन के काम के लिए राजवाड़ा, एमजी रोड पर अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन का काम किया जाना है। मुंबई की कंपनी को ठेका दिया है। सर्वे नंबर 282 नजूल की जमीन है। एक हेक्टेयर जमीन मेट्रो रेल के लिए आवंटित की जा चुकी है और खोदाई का काम शुरू किया जा चुका है। चौबीस मीटर गहराई तक खोदाई की जाना है। शर्तों के साथ अनुमति दी जाएगी। ब्लास्टिंग के पहले सायरन बजाया जाएगा, ताकि आम लोगों को कोई असुविधा न हो। सुरक्षा के मद्देनजर हेलमेट लगाना जरूरी होगा और ब्लास्टिंग के दौरान बिजली सप्लाय बंद रहेगा। एमपीएमआरसीएल ने ब्लास्टिंग को लेकर जो नियम तय किए हैं, उसका पालन करना जरूरी होगा और बैरिकेड्स लगाकर आवाजाही रोकी जाएगी। ब्लास्टिंग के दौरान अगर जान- माल का कोई नुकसान हुआ, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी कंपनी की होगी। कंपनी काम शुरू कब करेगी, अभी तारीख तय नहीं हुई है। मेट्रो को शहर में रेडिसन चौराहा तक लाने



की तैयारी में भी अधिकारी जुटे है।

**इंतजार सिर्फ दिल्ली की टीम का है...** उधर मेट्रो को शहर में रेडिसन चौराहा तक लाने की तैयारी तेजी से चल रहीं है। इंतजार सिर्फ दिल्ली की टीम का है। जल्द ही सर्व की टीम इंदौर पहुंच सकती है। एयरपोर्ट से अंडरग्राउंड करने की तैयारी भी हो गई हैं। इसका जायजा लेने मेट्रो टीम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। गांधी नगर डिपो से पहले चरण में सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर तीन तक के छह किमी वाले हिस्से में मेट्रो चालू की गई। रेडिसन तक बढ़ाने की तैयारी हैं। ग्यारह किमी हिस्से पर दूसरे चरण का काम पूरा हो चुका है। ट्रायल कर लिया है। को

सुपर कॉरिडोर से रेडिसन तक ग्यारह स्टेशन है। मेट्रो को मार्च तक शहर में लाना है, ताकि यात्री मिले सके। यात्रियों की कमी के

### अंडरग्राउंड को कैबिनेट मंजूरी का इंतजार

डेढ़ साल से खजराना चौराहा के आगे मेट्रो को अंडरग्राउंड करने की कवायद के चलते काम रुका था। खजराना और बंगाली चौराहा के बीच से जमीन में उतरने वाली मेट्रो इसके बाद सीधे एयरपोर्ट के बाहर ही निकलेगी। खजराना आखिरी एलिवेटेड स्टेशन होगा। उसके पांच सौ मीटर आगे से रिंग रोड के ग्रीन बेल्ट से मेट्रो जमीन में चलेगी। यहां तीन सौ मीटर का रैंप और करीब दौ सौ मीटर का कट एंड कवर बनेगा। कनाड़िया चौराहे का स्टेशन भी अंडरग्राउंड होगा। पहले हुए टेंडर में बदलाव से ढ़ाई किमी काम कम होगा। रेडिसन से पलासिया चौराहा तक के साढ़े पांच किमी एलिवेटेड कॉरिडोर के टेंडर पहले ही हो चुके थे। अब इसमें से आधे हिस्से में बदलवा हुआ हैं। मूल योजना में रोबोट चौराहा से कनाड़िया होते हुए हाईकोर्ट तक एलिवेटेड कॉरिडोर था। जिसके तीन किमी वाले हिस्से को अब अंडरग्राउंड कर दिया है।

चलते पहले दौरे कम किए अभी बंद हैं। भोपाल में भी यहीं हाल है चालू होने के कुछ समय बाद रन कम करना पड़े हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।